श्री बृज भूषण लाल :
श्री अटल बिहारी बाजपेयी :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन समाचारपत्रों के क्या नाम हैं जिन्होंने चालू वर्ष के दौरान अब तक वित्तीय कठिनाइयों तथा अन्य कठिनाइयों के कारण सरकार से सहायता प्राप्त की है,

(ख) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या नीति है और सरकार ने इस बारे में अब तक क्या कार्यवाही की है, और

(ग) कुछ समाचारपत्रों को किस आधार पर सहायता दी गई है और अन्य को सहायता देने से इंकार किए जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण और संचार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है।

विवरण

अप्रैल, 1968 से जनवरी, 1969 तक की अवधि के दौरान उन समाचार-पत्रों तथा समाचार-पत्रहितों की सूची जिनसे वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

1. अग्रगामी, बालनगर
2. ताईनाडू, बंगलौर
3. प्रभात, अहमदाबाद।
4. कर्मवीर, खण्डवा, मध्य प्रदेश।
5. इण्डियन जरनल आफ़ एग्रीकलचर कैमिस्टस, इलाहाबाद।
6. गुजरात राज्य स्माल न्यूजपेपर्स एडिटर्स एसोसियेशन, राजकोट (अपने सदस्य समाचारपत्रों के लिये छपाई मशीनें खरीदने के लिये ऋण के लिये)
7. प्रजातन्त्र, इम्फाल।
8. गांधी मैमोरियल कोओपरेटिव न्यूजपेपर सोसायटी लि०, बंगलौर
9. 'जनसत्ता', 'लोकसत्ता' समाचारपत्र समूह, बड़ौदा। अहमदाबाद।
10. यूथ एन्ड इन्टरनेशनल, जरनल, नई दिल्ली।
11. कैप्टन डी० एन० द्विवेदी से एक समाचार-पत्र को (नाम नहीं बताया गया) आरम्भ करने के लिए आवेदन पत्र।

(ख) और (ग). अभी तक किसी भी समाचार पत्र को वित्तीय सहायता नहीं दी गई है। प्रेस परिषद यह पसन्द नहीं करती कि सरकार समाचारपत्रों को सीधे ऋण दे। इस बारे में प्रेस परिषद के परामर्श से एक दीर्घकालीन नीति विचाराधीन है।

Production in Ordnance Factories

237. SHRI S. M. BANERJEE : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether production in Ordnance Factories has abnormally increased in 1968 ;

(b) if so, the value of production in 1968; and

(c) how it compares with figures of 1967 ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI L. N. MISHRA) : (a) to (c). The value of issues from Ordnance Factories' production from 1966-67 onwards is as under :—

Year	*Value of issues* (Rs. in crores)
1966-67	103.87
1967-68 (Provisional)	97.17
1968-69 (Estimated)	107.60

The figures are self-explanatory.